दिन– रविवार	दिनांक– 15/03/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।	अवधिः– 15 मिनट

---

01. बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए कल होगा मतदान। एनडीए और महागठबंधन ने अपने–अपने उम्मीदवारों की जीत के दावे किये।

02 राज्य सरकार ने कहा– प्रदेश में सिलेंडर की आपूर्ति सामान्य हो गई है। सिलेंडर बुक करने वाले उपभोक्ताओं को जल्द ही गैस की आपूर्ति की जायेगी।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को गंगा नदी के किनारे और बाढ़ क्षेत्रों में अवैध निर्माण और अतिक्रमण के संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

04. और, मौसम विभाग ने अगले सात दिनों तक राज्य के विभिन्न भागों में आंधी, बारिश और वज्रपात की संभावना जताई।

---

बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों पर कल मतदान होगा। मतदान सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक कराया जायेगा। एनडीए और महागठबंधन अपनी–अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने दावा करते हुए कहा कि राज्यसभा की पांचों सीट एनडीए के खाते में जायेंगी। भाजपा नेता और उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों में चुनाव को लेकर कोई एकमत नहीं है।

–––बाइट–––

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के विधायक माधव आनंद ने कहा कि जीत के लिए जरूरी आकड़े एनडीए के पक्ष में है।

–––बाइट–––

बिहार से राज्यसभा की पांच सीटों के लिए कल होने वाले चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। मतदान की प्रक्रिया की जानकारी के लिए आज एनडीए विधायकों को मॉक पोल का प्रशिक्षण दिया गया। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सरकारी आवास पर

विधायकों को मतदान करने की पूरी जानकारी दी गई। इधर, राजद ने अपने विधायकों को पटना के एक होटल में शिफ्ट कर दिया है। महागठबंधन के अन्य नेता भी यहां जमा हैं। राज्यसभा की पांचवी सीट के लिए विधायकों को एकजुट रखने के लिए राजद की ओर से यह कदम उठाया गया है। इस बीच चुनावी रणनीति के लिए एनडीए में भी बैठको का दौर जारी है। संसदीय कार्यमंत्री विजय कुमार चौधरी के आवास पर जदयू विधायकों की बैठक हुई। इस बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शामिल हुए। इससे पूर्व आज सुबह जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा के आवास पर एनडीए नेताओं की बैठक हुई थी। वहीं, राजद के प्रवक्ता मृत्यंजय तिवारी ने राज्यसभा की एक सीट पर पार्टी की जीत का दावा करते हुए कहा कि एनडीए चुनाव में पूरी तरह बिखर चुका है।

–––बाइट–––

गौरतलब है कि एनडीए के पांच प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और प्रदेश महामंत्री शिवेश कुमार, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर शामिल है। एनडीए के पांचवे प्रत्याशी राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा है। राजद ने अमरेन्द्र धारी सिंह को प्रत्याशी बनाया है। राज्यसभा चुनाव की मतगणना पांच बजे से शुरू होगी और देर रात तक नतीजे घोषित किये जा सकते है।

---

चुनाव आयोग ने पांच राज्यों और एक केन्द्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। नई दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि पश्चिम बंगाल में दो चरणों में– तेईस अप्रैल और उनतीस अप्रैल को वोटिंग होगी। तमिलनाडु में एक चरण मे तेईस अप्रैल को वोट डाले जायेंगे। वहीं, असम, केरलम और केन्द्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में एक ही चरण में नौ अप्रैल को मतदान होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि चारो राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेश में वोटों की गिनती एक साथ चार मई को होगी।

---

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि किसी भी खुदरा दुकान या वितरक के पास एलपीजी की कमी नहीं है और पर्याप्त मात्रा में डीजल और पेट्रोल उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है। संयुक्त सचिव ने नागरिकों से एलपीजी सिलेंडर की जल्दबाजी में बुकिंग नहीं करने और आवश्यकता पड़ने पर डिजिटल बुकिंग करने का आग्रह किया है।

———बाइट———

सभी देशवासियों से अपील है कि कृपया डिजिटल्स बुकिंग के आपके पास टूल्स अवेलेबल है, उनको यूज करें, जरूरत नहीं है कि कोई भी किसी डिस्ट्रीब्यूटरशिप के पास जाकर लाइन में खड़ा होकर बुकिंग करें या सिलेंडर की डिलीवरी ले।

उन्होंने बताया कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडरों का वितरण भी शुरू हो गया है।

———बाइट———

कमर्शियल कंज्यूमर्स को भी कुछ एलपीजी दी जाए। इस संदर्भ में स्टेट गवर्नमेंट्स के साथ भी डिस्कशन हुआ है, जो कमर्शियल सिलेंडर्स है, स्टेट गवर्नमेंट के डिस्पोजल पर रखे गए हैं। टू प्रायोटाइज द कंज्यूमर्स लगभग 29 स्टेटस और यूनियन टेरिटरीज में कमर्शियल सिलेंडर्स का डिस्ट्रीब्यूशन स्टार्ट हो गया है और वह कंज्यूमर्स को मिल गए हैं।

इधर, राज्य सरकार ने कहा है कि प्रदेश में सिलेंडर की आपूर्ति सामान्य हो गई है। गैस कंपनियों की ओर से कहा गया है कि जिन उपभोक्ताओं ने सिलेंडर की बुकिंग कर ली है उन्हें जल्द ही गैस की आपूर्ति की जायेगी।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को गंगा नदी के किनारों और बाढ़ क्षेत्रों में अवैध निर्माणों के संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने और अतिक्रमण हटाने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी देने का निर्देश दिया है। शीर्ष न्यायालय ने पटना निवासी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान कई राज्यों को नोटिस जारी करते हुए कहा है कि इस मुद्दे पर व्यक्तिगत मामलों से परे व्यापक जांच की आवश्यकता है। मामले की अगली सुनवाई तेईस अप्रैल को होगी।

---

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड– सी.बी.एस.ई ने पश्चिम एशियाई क्षेत्र में कल से अगले महीने की दस तारीख तक होने वाली कक्षा बारह की परीक्षाएं रद्द कर दी हैं। बोर्ड ने बताया है कि पहले स्थगित की गई परीक्षाएं भी रद्द रहेंगी।

---

एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने मध्य–पूर्व से भारत के लिए विशेष उड़ानों की योजना बनाई है। एक रिपोर्ट– .

———बाइट———

शारजाह से दिल्ली, कन्नूर, कोच्चि, कोझिकोड, मुंबई और तिरुवनंतपुरम के लिए उड़ानें संचालित करने की योजना बनाई गई है। एयर इंडिया ने एक वक्तव्य में बताया कि दो उड़ानें रस अल खैमाह से कोझिकोड और कोच्चि तक भी संचालित होंगी। एयर लाइन ने बताया कि ये उड़ानें स्लॉट की उपलब्धता और संचालन के समय की मौजूदा स्थितियों के आधार पर संचालित की जाएंगी। एयर लाइन ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात के विमानपत्तन प्राधिकरण के निर्देशों के बाद क्षेत्र में अस्थायी परिचालन कम कर दिए गए हैं। विमान संचालकों ने कहा कि रद्द की गई या अस्थायी रूप से निरस्त हुई सेवाओं के यात्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के भविष्य की किसी तिथि के लिए उड़ान फिर से बुक कर सकते हैं या पूर्ण रिफंड का विकल्प चुन सकते हैं। वहीं, इंडिगो ने बताया कि उनकी उड़ान सेवाएं दुबई में प्रतिबंधित कर दी गई है। इस कारण उड़ान समय सारिणी में बदलाव हुए हैं। भानु की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं आकर्षिता सिंह।

---

इधर, पटना के जिलाधिकारी के निदेश पर प्रखंड स्तर पर एलपीजी घरेलू गैस सिलेंडर से संबंधित शिकायतों के निवारण एवं सिलेंडर की जमाखोरी की रोकथाम के लिए अठाईस धावा दल का गठन किया गया है। इन धावा दलों में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों, प्रखंड आपूर्ति निरीक्षकों एवं सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारियों को नोडल पदाधिकारी के तौर पर तैनात किया गया है। घरेलू एलपीजी से संबंधित मामलों के लिए हेल्पलाइन नंबर 0612–2219810 जारी किया गया है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसार ने आज पटना और थावे के बीच नई फास्ट पैसेंजर ट्रेन के परिचालन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री प्रसाद ने कहा कि इस नई ट्रेन के परिचालन से लोगों को कम समय मे अपने गंतव्य तक पहुंचने का अनुभव मिलेगा।

———बाइट———

---

राज्य के मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग की ओर से नशा–मुक्त बिहार थीम पर पटना के गांधी मैदान से मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन में दस हजार से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के विजेताओं को तीस लाख रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। ओलंपिक विजेता पी.वी. सिंधू ने इस अवसर पर कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं को नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

–––बाइट–––

---

बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने बिहार विधान सभा परिसर में बन रहे डिजिटल संग्रहालय का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्य वास्तुविद को संग्रहालय के निर्माण में कुछ बदलाव के निर्देश दिए।

---

चक्रवाती हवा के प्रभाव से राज्य के विभिन्न भागों में अगले सात दिनों के दौरान वज्रपात और तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने इस दौरान लोगों को सावधान रहने का अलर्ट जारी किया है।

–––बाइट–––

इधर, आज प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहा। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दस से अधिक जिलों में अधिकतम तापामन तीस डिग्री सेल्सियस से अधिक रिकॉर्ड किया गया। वहीं, रोहतास के डेहरी में सबसे अधिक तापमान छत्तीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

---

पटना पुलिस ने खगौल के नैनचक मुस्तफापुर गांव में छापेमारी कर चार किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब सात करोड़ पचास लाख रुपये आंकी गई है। पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि पूर्वोत्तर राज्यों से मादक पदार्थों की तस्करी हो रही थी।

---

रोहतास के डेहरी में चार दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने किया। बिहार मिलिट्री पुलिस के परेड ग्राउंड में आयोजित इस प्रतियोगिता में कई प्रतिभाशाली निशानेबाज हिस्सा ले रहे हैं।

---

गोपालगंज में पशुपालन विभाग की ओर से पशुओं को स्वस्थ्य रखने के लिए मोबाइल पशु रथ चलाया जा रहा है।

---

मुंगेर के तारापुर में आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल महोत्सव के फाइनल में संग्रामपुर प्रखंड की बढोनिया टीम ने असरगंज प्रखंड की अमैया टीम को पेनल्टी शूटआउट में 5–4 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की।

---

किशनगंज में उत्पाद विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रामपुर चेक पोस्ट के पास एक वाहन से एक हजार एक सौ बावन लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

01. बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए कल होगा मतदान। एनडीए और महागठबंधन ने अपने–अपने उम्मीदवारों की जीत के दावे किये।

02 राज्य सरकार ने कहा– प्रदेश में सिलेंडर की आपूर्ति सामान्य हो गई है। सिलेंडर बुक करने वाले उपभोक्ताओं को जल्द ही गैस की आपूर्ति की जायेगी।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को गंगा नदी के किनारे और बाढ़ क्षेत्रों में अवैध निर्माण और अतिक्रमण के संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

04. और, मौसम विभाग ने अगले सात दिनों तक राज्य के विभिन्न भागों में आंधी, बारिश और वज्रपात की संभावना जताई।

---

समाप्त